# University in News on 13 December 2023

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

# एलयू बताएगा मोबाइल की लत से छुटकारा पाने के तरीके

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आजकल मोबाइल की लत से बच्चे क्या बड़े भी नहीं बच पायें हैं। बच्चे जहां मोबाइल में वीडियो गेम्स खेलते हैं वहीं बड़े भी

**खेलों मगर ध्यान से जागरूकता कार्यक्रम आज**

**उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक होंगे मुख्य अतिथि**

इसकी आदत का शिकार हैं। जिस वजह से दोनों ही वर्गों का मानसिक और शारीरिक विकास बाधित हो रहा है। इसी वजह से तमाम न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर भी हो रहे हैं, लेकिन यह भी सही है कि आजकल मोबाइल एक ज़रूरी गैजेट है जिसका होना आवश्यक है लेकिन सार्थक कोशिश करने से इसकी लत से छुटकारा पाया जा सकता है। उक्त बातें मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष प्रो.अनूप कुमार भारतीय ने पत्रकार वार्ता में बोलते हुए कही। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को लविवि के मालवीय सभागार में सुबह 10.30 बजे से समाज कार्य विभाग और हेड डिजिटल वर्क्स के संयुक्त तत्वाधान में खेलो मगर ध्यान से विषयक मोबाइल गेमिंग डीएडिक्शन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जहां विशेषज्ञ विद्यार्थियों और अन्य उपस्थित व्यक्तियों मोबाइल की लत से छुटकारा पाने के उपायों पर चर्चा करेंगे।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि एवं बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर सहभागिता करेंगे। इसके अलावा लखनऊ पश्चिम के एडिशनल पुलिस कमिश्नर चिरंजीवनाथ सिन्हा और प्रो.प्रदीप कुमार खत्री विषय विशेषज्ञ के रूप में भागीदारी कर रहे हैं। हेड डिजिटल वर्क्स के उपाध्यक्ष सार्थक शर्मा अपनी कम्पनी के प्रतिनिधि के तौर पर कार्यक्रम में रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम में उन सभी अभिभावकों का स्वागत है जो अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं साथ ही वे मोबाइल की लत से अपने बच्चों को दूर करना चाहते हैं।

## HINDUSTAN PAGE 6

# सेमेस्टर परीक्षा शुरू, 116 छात्र गायब

**एलयू**

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षा मंगलवार से शुरू हुई। पहले दिन बीए और बीएससी की परीक्षाएं हुई। जिसके लिए 5038 छात्र-छात्राएं दोनो पालियों में पंजीकृत थे। जिसमें से 116 छात्र-छात्राएं परीक्षा के पहले दिन अनुपस्थित रहे।

विषम सेमेस्टर परीक्षा के लिए लखनऊ समेत पांच जिलों में 263 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। लखनऊ में 48 परीक्षा केन्द्र हैं। परीक्षा के पहले दिन लखनऊ के कुछ कॉलेज और सीतापुर के कुछ कॉलेज के छात्रों प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं होने की समस्या का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार बता दें कि सीतापुर के कॉलेज ने एक दिन पहले ही नोटिस जारी कर दिया था कि जिन छात्रों प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं होता है वे छात्र परिचय पत्र और शुल्क रसीद के साथ आएं उन्हे परीक्षा दिलायी जाएगी।

### एक ही दिन में छात्रों को देने पड़े दो-दो पेपर

लखनऊ विश्वविद्यालय की शुरू हुई परीक्षाओं में एक ही दिन में बैक और रेगुलर पेपर होने की वजह से कई छात्रों को पहली और दूसरी पाली में परीक्षा देनी पड़ी। जिन छात्रों को बैक पेपर देना था उन्होंने पहली पाली में बैक पेपर और दूसरी पाली में अपने रेगुलर विषय की परीक्षा दी।

### एडमिट कार्ड जारी नहीं होने की समस्या रही

लखनऊ के केकेसी कॉलेज में लगभग आधा दर्जन छात्रों के सामने भी एडमिट कार्ड जारी नहीं होने की समस्या रही। हालांकि परीक्षा फार्म भरा होने के कारण महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को परीक्षा देने की अनुमति दी। बता दें कि 13 दिसम्बर से बीकॉम विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी।

## JAGRAN CITY PAGE III

# लवि : परीक्षा में रही 97.75 प्रतिशत उपस्थिति

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को स्नातक स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो गई।



प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पालियों में 5038 के सापेक्ष 97.75 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 116 ने परीक्षा छोड़ी। बीए और बी.एससी के बाद अब बुधवार से बी.काम की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी। (जासं)

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# मोबाइल की लत से छुटकारे पर होगी चर्चा

**लखनऊ।** लविवि का समाज कार्य विभाग बुधवार को मालवीय सभागार में "खेलो! मगर ध्यान से" विषयक मोबाइल गेमिंग डीएडिक्शन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इसमें विशेषज्ञ विद्यार्थियों और अन्य लोगों से मोबाइल की लत से छुटकारा पाने के उपायों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक करेंगे। इस मौके पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार भारतीय, अपर पुलिस कमिश्नर चिरंजीव नाथ सिन्हा व प्रो. प्रदीप कुमार खत्री उपस्थित रहेंगे। (संवाद)